उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 01/2024–25/25836
दिनांक : 20 जून, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल मानवशक्ति की सेवाओं के लिये एक वर्ष की अवधि हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित वाह्य सेवादाता ऐजेन्सीज से दिनांक 05 जुलाई, 2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक निविदायें आमान्त्रित की जाती हैं। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना परिषद (यूकॉस्ट) की वेबसाइट www.ucost.uk.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता विस्तृत निविदा सूचना को उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

महानिदेशक, यूकॉस्ट को किसी भी अथवा समस्त निविदावों को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**प्रभारी–प्रशासन**

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद(यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 01/2024–25/25836
दिनांक : 20 जून, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल मानवशक्ति की सेवाओं के लिये सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित वाह्य सेवादाता ऐजेन्सीज से निम्नवर्णित नियमों और शर्तों (terms & condition) पर 01 वर्ष की अवधि हेतु, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है, मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैः–

1. इच्छुक निविदादाता/सेवादाता द्वारा वांछित उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल मानवशक्ति की सेवाओं उपलब्ध कराने हेतु उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न की जाय। ऐसा न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

2. इच्छुक निविदादाता द्वारा वांछित सेवायें उपलब्ध कराने हेतु ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आइ. पंजीकरण प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपियॉ निविदा के साथ लगाई जायें, अन्यथा निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

3. निविदादाता को जारी जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ भेजी जाय। यदि निविदादाता को जी.एस.टी. पंजीकरण से छूट प्राप्त है तो समर्थक दस्तावेज (supporting document) की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न की जाय। ऐसा न करने पर निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

4. निविदा के साथ रू. 20000 (रूपये बीस हजार मात्र) की बयाना राशि **(Earnest Money Deposit)** किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से महानिदेशक, यूकॉस्ट, देहरादून के नाम से बने अकाउन्ट पेई डिमाण्ड ड्राफ्ट या पे आर्डर के रूप में निविदा के साथ लगायी जाये। निविदा खुलने के बाद किसी भी शर्त का पालन न करने या अपनी निविदा का सम्मान न करने पर निविदादाता द्वारा जमा की गयी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। बिना बयाना राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

5. निविदादाता द्वारा अपनी निविदा मे वांछित सेवाओं हेतु उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल मावशक्ति को देय दैनिक मूल मजदूरी, महंगाई भत्ता, ई.पी.एफ., ई.एस. आइ. का विवरण और देय कुल मासिक मजदूरी का विवरण एक तालिका के रूप में दिया जाना चाहिये। इसके अतिरिक्त निविदा में निविदाता को देय सेवा शुल्क (services charges) का स्पष्ट विवरण व देय अन्य करों/चार्जेज का स्पष्ट उल्लेख किया जाये।

6. निविदादाता की निविदा में वर्णित मानवशक्ति न्यूनतम मजदूरियॉ श्रम विभाग उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित मौजूदा न्यूनतम मजदूरी से कम नहीं होनी चाहिये। ऐसा होने पर निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

7. सफल निविदादाता को वांछित मानवशक्ति विज्ञान धाम, झाझरा (वाया–प्रेमनगर, देहरादून–248015) स्थित यूकॉस्ट कार्यालय परिसर में करनी होगी, जिसके लिये निवेदित दरों के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान देय नहीं होगा। दरें तदानुसार निवेदित की जायें।

8. विभिन्न श्रेणियों में आवश्यक मानवशक्ति की संख्या समय–समय पर परिषद (यूकॉस्ट) की आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।

9. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत अपनी निविदा पर निविदादाता के हस्ताक्षर किये जायें और हस्ताक्षर के नीचे मोहर लगायी जाय। निविदा को सीलबन्द लिफाफे में, जिस पर मोटे अक्षरों में **''मानवशक्ति की सेवाओं हेतु दिनांक 05.07.2024 को खुलने वाली निविदा''** लिखा हो, में रखकर रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय।

10. निविदाओं को रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय। **अन्य किसी माध्यम से भेजी गयी निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

11. निविदादाताओं द्वारा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से भेजी गयी निविदायें दिनॉक 05–07–2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक यूकॉस्ट कार्यालय में पहुँच जानी चाहियें। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपराह्न में 15:00 बजे निविदादाताओं के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी कारणवश उस दिन यूकॉस्ट में अवकाश होने पर निविदायें अगले कार्यदिवस को अपराह्न में 15:00 बजे खोली जायेंगी।

12. **देरी से प्राप्त या बिलम्बित निविदाओं (late or delayed tenders)** पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः निविदादाता अपनी निविदायें समय पर भेजना/पहुंचना सुनिश्चित करें।

**13.** सफल निविदादाता को धरोहर राशि के रूप में रू.40,000/–(रूपये चालीस हजार मात्र) की राशि महानिदेशक, यूकॉस्ट के नाम से न्यूनतम 01 वर्ष के लिये बनी सावधि जमा रसीद (Term Deposit Receipt) के रूप में जमा करनी होगी।सफल निविदादाता द्वारा जारी अनुबन्ध की किसी भी शर्त का पालन न करने पर महानिदेशक, यूकॉस्ट को अपने विवेक से जमा धरोहर राशि को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में जब्त करने का अधिकार होगा।

**14.** सफल निविदादाता के किसी भी कार्मिक की उपस्थिति, व्यवहार या कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर सफल निविदादाता को उसे बदलना होगा। निविदादाता की सेवायें, संतोषजनक न पाये जाने पर या जारी कार्य आदेश की किसी भी शर्त का पालन न करने पर परिषद को जारी क्रय आदेश को शेष अवधि के लिये निरस्त करने और धरोहर राशि को जब्त करने का अधिकार होगा।

**15.** सफल निविदादाता को उनके द्वारा परिषद (यूकॉस्ट) को उपलब्ध करायी गयी मानवशक्ति को देय मजदूरी का भुगतान समय पर करना होगा और कटौती किये गये ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आइ. जमा करने का प्रामाणिक दस्तावेज लगाना आवश्यक होगा। प्रामाणिक दस्तावेज प्राप्त होने के बाद ही अगले माहों के बिलों पर भुगतान किया जायेगा।

**16.** महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**प्रभारी–प्रशासन**